सिटी बाइट्स

रेरा : ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट की नयी व्यवस्था लागू

पटना. बिहार रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने रजिस्ट्रेशन से लेकर रिपोर्ट दाखिल करने की ऑनलाइन व्यवस्था में आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट की नयी व्यवस्था लागू की है. इस व्यवस्था के तहत आवेदक अपनी किसी भी समस्या को दूर करने के लिए ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट लेकर दोपहर तीन से चार बजे के बीच संबंधित पदाधिकारी से मुलाकात कर सकेंगे. इसको लेकर वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध कराया गया है. इसमें रजिस्ट्रेशन, मॉनीटरिंग एवं विधि मामलों से जुड़े मुद्दों पर ऑफलाइन भी सुनवाई हो सकेगी.